भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

मध्य प्रदेश MADHYA PRADESH

CP 218679

// श्री //

## किराया अनुबंध लेख

**मैसर्स बालाजी फोस्फेट्स प्रा. लि.**
तर्फे डायरेक्टर श्री मोहित ऐरन पिता श्री प्रवीण ऐरन
पता - 305, उत्सव एवेन्यू 12/5 उषागंज जावरा कम्पाउंड
इंदौर म. प्र.

(M)

किराया चिट्ठी का लेख लिख देने वाले
**प्रथम पक्ष / किरायेदार**

मेसर्स दिव्यज्योति एग्रीटेक प्रा. लि.
पता - 305, उत्सव एवेन्यू 12/5 उषागंज जावरा कम्पाउंड
इंदौर म. प्र.

किराया चिट्ठी का लेख लिखवा लेने वाले
**द्वितीय पक्ष / संपत्ति मालिक**

(A)

यह किराया चिट्ठी का अनुबंध लेख लिख देने वाला मैं किरायेदार आप संपत्ति मालिक के हित में निम्नानुसार लिख देता हूँ ऐसा कि :-

1. यह कि, आप संपत्ति मालिक के मालिकी व् आधिपत्य कि संपत्ति /दूकान /हाल /संपत्ति को कि पता - 305, उत्सव एवेन्यू 12/5 उषागंज जावरा कम्पाउंड कि तल मंजिल पर स्थित है। उक्त संपत्ति को मैं किरायेदार आप संपत्ति मालिक से किराये पर ले रहा हूँ।आगे सुविधा एवं संछिप्तता की दृष्टि से उक्त संपत्ति को आगे इस लेख में "उक्त स्थान " के नाम से सम्बोधित किया गया है। इसका उल्लेख किराये पर दी गई संपत्ति से है।
2. यह कि, मुझ किरायेदार ने आप सम्पत्ति मालिक से आपकी उपरोक्त सम्पत्ति का स्थान दिनांक 01/09/2024 से 11 माह के लिये रुपये 4,000/- (अक्षरी रुपये चार हजार मात्र) प्रतिमाह के मान से किराये पर ली है एवं एक माह का रनिंग किराया रूपये 4,000/- (अक्षरी रुपये चार हजार मात्र) प्रथम ने द्वितीयपक्ष को अदा कर दिये है एवं उपरोक्त किरायेदारी के स्थान में सिक्युरिटी डिपाजिट राशि बतौर मुझे किरायेदार द्वारा आप दुकान मालिक को राशि रूपये 4,000/- (अक्षरी रुपये चार हजार मात्र) नगदी साक्षीगणों के समक्ष प्रदान कर दिये है, जो डिपाजिट के तौर पर जमा रहेगी ।
3. यह कि मैं किरायेदार आप सम्पत्ति मालिक को हर माह के समाप्त होने के पश्चात अगले माह की 1 तारीख से 5 तारीख के मध्य नियमित रूप से अदा करता जाऊंगा।

Scanned with OKEN Scanner

6092

22 AUG 2024

दिव्य ज्योति एग्रीटेक प्रा.लि.
305- उत्सव एवेन्यु
बालाजी कास्केड
12/5- उषागंज जावरा कम्पाउंड इंदौर

हस्ते अशोक

22 AUG 2024

Hitesh Kumar Jain
Stamp Vendor
37 Ushaganj Chawani
Chowk Indore

4. यह कि उक्त स्थान मुझ किरोदार ने आपसे मेरे स्वयं के व्यापार के उद्देश्य हेतु किराये पर ली है।
5. यह कि उपरोक्त किराये की राशि के अलावा उक्त स्थान का जो भी बिजली बिल व पानी एवं मेंटेनेंस का बिल आयेगा उसका भुगतान मुझे किरायेदार के द्वारा ही वहनकिया जायेगा अर्थात यह व्यय किराये की राशि में शामिल नही रहेंगे।
6. यह कि उक्त स्थान को ने किरायेदार हमेशा साफ-सुथरा रखूंगा तथा इसमें किसीप्रकार की तोडफोड का कार्य नहीं करूंगा।
7. यह कि उक्त स्थान में किरायेदार अन्य किसी को पोट भाड़े (उप-किरायेदार) से नहीं दूंगा।
8. यह कि उक्त स्थान मुझ किरायेदार ने आप सम्पत्ति मालिक से 11माह कीअवधि हेतु प्राप्त किया है।
9. यह कि, मै उक्त स्थान में किसी प्रकार का अवैध व्यवसाय नही करूंगा, न ही किसी प्रकार की कानून से प्रतिबंधित वस्तु का व्यवसाय करुगा न ही किसी ज्वलनशीलपदार्थ द्रव्य आदि का संग्रह कर सकूंगा अन्यथा इसकी कुल जवाबदारी मेरी रहेगी।
10. यह कि, अगर आपको उक्त स्थान की आवश्यकता होने पर आप एक माह पूर्व लेखी में सूचना पत्र देकर सम्पत्ति खाली करा सकेंगे।

अतः यह किराया चिट्ठी का अनुबंध लेख हमने राजी खुशी से सोच-समझकर लिख कर स्वस्थ शारीरिक व मानसिक अवस्था में गवाहों के समक्ष अपने हस्ताक्षर कर निष्पादित किया सो सही ताकि प्रमाण रहे।

हस्ताक्षर –प्रथमपक्ष

(किरायेदार)

इति इन्दौर
दिनांक
गवाह :-

1. हस्ताक्षर: ---------------------
   नामः Sanjay Bairagi
   पता : 219, Raj nagar Indore

2. हस्ताक्षर: ---------------------
   नामः Ashok Kogle
   पता : Virat Nagar Indore

हस्ताक्षर द्वितीयपक्ष

(संपत्ति मालिक)

Scanned with OKEN Scanner